प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

11 जुलाई 2023

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 11 जुलाई 2023 को मुंबई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और चुनिंदा निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठकें कीं। बैठकों में उप गवर्नर, श्री एम. राजेश्वर राव और श्री स्वामीनाथन जे. के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के कुछ वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

गवर्नर ने अपनी परिचयात्मक टिप्पणी में विभिन्न प्रतिकूल वैश्विक घटनाक्रमों के बावजूद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली के अच्छे कार्य-निष्पादन का उल्लेख करते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे समय में बैंकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने और सतर्क रहने की जरूरत है। गवर्नर ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि एमडी और सीईओ को बैंकों में सुशासन को सुदृढ़ करने और अनुपालन, जोखिम प्रबंधन और लेखा-परीक्षा कार्यों से युक्त बैंकिंग स्थिरता के तिपाई (ट्राइपॉड) पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

ऋण हामीदारी मानकों को मजबूत करने, बृहद एक्सपोज़र की निगरानी करने, बाह्य बेंचमार्क संबद्ध दर (ईबीएलआर) दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन, आईटी सुरक्षा और आईटी सुशासन को सुदृढ़ करने, बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली में सुधार और साख सूचना कंपनियों के साथ समय पर और सटीक जानकारी साझा करने से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की गई।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/582